**-:प्रेस नोट:-**

**दिनांक- 28.07.2025**

# कार्यालय पुलिस अधीक्षक बांदा

- **विश्व मानव दुर्व्यापार विरोधी अभियान के अंतर्गत कालिंजर किला स्थित नीलकंठ महादेव मंदिर पर संयुक्त चेकिंग एवं जन-जागरूकता कार्यक्रम संचालित कर चलाया गया जागरुकता अभियान।**

**विवरण**– आज दिनांक 28.07.2025 को पुलिस अधीक्षक बाँदा श्री पलाश बंसल के निर्देशन में थाना कालिंजर, AHTU तथा ग्रामीण परंपरा विकास संस्थान, चित्रकूट की संयुक्त टीमों द्वारा कालिंजर किला स्थित नीलकंठ महादेव मंदिर पर विशेष चेकिंग एवं जन-जागरूकता अभियान संचालित किया गया। अभियान के दौरान दर्शनार्थीयों को मानव तस्करी, बाल श्रम, बाल भिक्षावृत्ति व बाल विवाह जैसी सामाजिक कुरीतियों के प्रति जागरूक किया गया। दर्शनार्थीयों को पंपलेट वितरित कर उन्हें मानव तस्करी के विरुद्ध पुलिस के सहयोग तथा ग्रामीण परंपरा विकास संस्थान द्वारा संचालित बाल संरक्षण कार्यक्रमों की जानकारी दी गई। मंदिर पर दर्शन करने आये श्रद्धुओं को बच्चा चोरी, मानव तस्करी एवं ज़हरखुरानी जैसे अपराधों के संबंध में सतर्क किया गया एवं बच्चों को अपने परिजनों के साथ रहने की सलाह दी गई। अभियान के दौरान एवं उ0नि0 दिनेश कुमार,आरक्षी प्रशांत यादव व ग्रामीण परंपरा विकास संस्थान, चित्रकूट से ,शिवम यादव मौजूद रहे।